तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 18 मई 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम का किया दर्शन



## खबर संक्षेप

### पेट्रोल डीजल को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जानकारी दी है कि महंगाई एवं पेट्रोल डीजल की किल्लत को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया है कि 18 मई को एस एस प्लाजा के समीप शाम 5 बजे विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने जिला कांग्रेस्त्र, महिला कांग्रेस, पार्षद, पूर्व पार्षद सहित संगठन के समस्त मोर्चा संगठन एवं अन्य पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### पतंजलि चिकित्सालय में मनाया गया वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे

**कोरबा।** वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्चरक्तचाप दिवस) पर चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब एवरेस्ट, भारत विकास परिषद, नीमा एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 17 मई को पतंजलि चिकित्सालय में आयोजित विशेष आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में अंचलवासियों ने लाभ उठाया। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले लायंस क्लब एवरेस्ट के सचिव, आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि जंकफूड व पित्तवर्धक आहार के ज्यादा प्रयोग से लोगों में उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की बीमारी बढ़ती जा रही है। उनमे भी बच्चे और युवा वर्ग में भी इस तरह के लाइफ स्टाइल जनित रोगों का बढ़ना चिंता का विषय है। इससे बचाव हेतु जंकफूड एवं पित्तवर्धक आहार से परहेज करना अति आवश्यक है, तभी बच्चे और हमारी युवापीढ़ी इन गंभीर रोगों से बच सकती है। शिविर में श्रीमती प्रतिभा शर्मा, महेश गुप्ता, सोमु, नेत्रनन्दन साहू, अश्वनी बुनकर, कमल धारिया, कवि रंजन दास, अरुण मानिकपुरी, देवबली कुंभकार, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, पिंकी बरेठ एवं सिमरन जायसवाल का योगदान रहा।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का मना स्थापना दिवस



**कोरबा।** आरपी नगर फेस-1 स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को रजत जयंती भक्तिमय माहौल में मनाया गया। ढाई दशक (25 वर्ष) पहले इसी पावन तिथि को मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। 25 वर्ष पूर्व कामरूप कामाख्या (गुवाहाटी, असम) के पुरोहित स्वर्गीय मुक्तिनाथ झा, सीतामणी मंदिर के परम रामभक्त स्वर्गीय जगन्नाथ महाराज तथा छूरी के महाराज के पावन सानिध्य में इस मंदिर की नींव रखी गई थी। उस दौरान बनारस (वाराणसी) से पधारे 5 विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लगातार 5 दिनों तक महाअनुष्ठान चला था, जिसके बाद दक्षिण मुखी हनुमान की प्रतिमा प्रतिष्ठित हुई थी। रजत जयंती के इस पावन अवसर पर शनिवार को सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। दिनभर चले इस धार्मिक क्रम में बजरंगबली का भव्य अभिषेक किया गया, जिसके बाद सामूहिक सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ और महाआरती का आयोजन हुआ। शंख और घड़ियालों की गूंज से पूरा आरपी नगर क्षेत्र राममय और हनुमानमय हो उठा। क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया और बजरंगबली का आशीर्वाद लिया।

# तेज आंधी और बारिश ने मचाई तबाही, कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार की शाम अचानक मौसम ने करवट लेते हुए कुसमुंडा क्षेत्र सहित आदर्श नगर में तेज आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश और गरज-चमक ने लोगों को दहशत में डाल दिया। कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र का मौसम बिगड़ गया और कई स्थानों पर नुकसान की खबरें सामने आईं।

आंधी इतनी तेज थी कि कई जगहों पर बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। वहीं तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे और तार भी टूटकर गिर पड़े। कई मकानों और दुकानों की टिन की छतें उड़ गईं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तूफान का सबसे अधिक असर कुसमुंडा और आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिला।

अचानक आई तेज बारिश और हवाओं के कारण लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे रातभर बिजली गुल रहने की संभावना जताई जा रही है। सड़क पर पेड़ गिरने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग और स्थानीय कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। विभाग की मदद से पेड़ों को हटाकर यातायात बहाल कराया गया। वहीं बारिश थमने के बाद बिजली कर्मचारी टूटे तारों और खंभों की मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक आए इस तूफान ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। प्रशासन और बिजली विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### 351.61 मीटर बना हुआ है बांध का वाटर लेवल, 1655 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

# आधे से ज्यादा भरा है बांगो बांध, हाईडल को तीन घंटे संचालित कर छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध से निस्तारी के लिए किसानों को अप्रैल महीने में भरपूर पानी दिया गया था लेकिन अब बांगो बांध से उतना ही पानी छोड़ा जा रहा है जितना पीने के लिए और औद्योगिक संयंत्रों को संचालित करने के लिए जरूरत है। बताया जाता है कि अब लगातार बांगो बांध का जलस्तर धीरे-धीरे कम होने लगा है घटते जल स्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा संयंत्रों के लिए पानी छोड़ा जा रहा है ताकि आने वाले गर्मी के दिनों में पानी की किसी तरह की कमी ना हो। हालांकि इस बार बांध में आधे से ज्यादा पानी है बांध में किसी तरह की पानी की कोई कमी नहीं है। बारिश व मानसून के दस्तक देने की बात करें तो महज एक महीना ही शेष रह गया है।

उल्लेखनीय की जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर पहाड़ियों के बीच बांगो बांध का निर्माण किया गया है जहां बांगो बांध से रबी की फसल के लिए कोरबा, जांजगीर, चांपा, खरसिया, रायगढ़ और सक्ति जिले के किसानों को पानी दिया जाता है तो वहीं कोरबा सहित आसपास के पड़ोसी जिले में संचालित होने वाले औद्योगिक संयंत्रों को भी पानी दिया जाता है। अप्रैल के महीने में खेती किसानी के लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई गई थी और दर्री बराज के दांया और बांया तक नहर के माध्यम से किसानों को भरपूर पानी दिया गया था लेकिन इसके बाद भी इस साल बांगो बांध का जलस्तर मौजूदा स्थिति में 351.61 मीटर बना हुआ है, जो कुल जल भराव का 57 फ़ीसदी पानी है। जबकि वर्ष 2025 में बांगो बांध का जलस्तर में और जून के महीने में बहुत तेजी से कम हो गया था और लगभग 24 फ़ीसदी तक गिर गया था। पिछले साल की तुलना करें तो बांध में लगभग 8 मीटर पानी अधिक है। इस साल बांगो बांध का वाटर लेवल 57 फ़ीसदी तक बना हुआ है लेकिन अभी निस्तारी और खेती किसानी के लिए पानी की आवश्यकता नहीं है जिसके चलते बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बहुत कम कर दी गई है। जन संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक हाईडल प्लांट को पीने के पानी के लिए और औद्योगिक संयंत्र को संचालित करने के लिए महज तीन घंटा ही संचालित किया जा रहा है जिससे 1650 क्यूसेक पानी पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है और बैराज में बने दांयी और बांयी तट नहर के माध्यम से पानी आपूर्ति की जाती है।



फाइल फोटो

#### वर्षवार जानकारी

| दिनांक | संचयी वर्षा | जलाशय स्तर | क्षमता उपयोग |
|---|---|---|---|
| 17-05-2023 | 1466.40 | 352.45 | 1767.48 |
| 17-05-2024 | 1289.80 | 348.76 | 1301.93 |
| 17-05-2025 | 1587.80 | 343.53 | 766.05 |
| 17-05-2026 | 1924.40 | 351.61 | 1655.02 |

#### वर्ष 2025 में 343 मीटर जा पहुंचा था वाटर लेवल

बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। वर्ष 2025 में कैचमेंट इलाके में अच्छी खासी बारिश हुई थी लेकिन गर्मी के दिनों में हाईडल प्लांट को लगातार संचालित किया गया था। जिसके चलते 17मई 2025 को बांगो बांध का वाटर लेवल 343.53 मीटर जा पहुंचा था जबकि वर्ष 2026 में 17 मई को वाटर लेवल 351.61 मीटर है पिछले साल की तुलना करें तो 8 मीटर पानी डेम में ज्यादा है। इसलिए इस साल ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। अभी हाईडल प्लांट को और भी तेजी से संचालित किया जाएगा तब भी चिंता की आवश्यकता नहीं है क्योंकि बारिश भी नजदीक है। क्योंकि अमूमन प्री मानसून दस्तक देती है।

# कुदमुरा में उत्पात मचाने के बाद दंतैल जा पहुंचे धरमजयगढ़



जंगल में विचरण करता हाथियों का झुण्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- वन अमले ने ली राहत की सांस

जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में पिछले तीन दिनों से सक्रिय दंतैल हाथी ने अब धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है। हाथी को रविवार की सुबह कोरबा व धरमजयगढ़ वन मण्डल के शरहद पर विचरण करते हुए देखा गया। इसके बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली है। इससे पहले दंतैल ने शनिवार को कुदमुरा क्षेत्र में स्थित कोसाबाड़ी में घुसकर उत्पात मचाया था और वहां रेशम विभाग द्वारा लगाये गये अर्जुन के पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाते हुए तहस-नहस कर दिया था। कोसाबाड़ी में उत्पात मचाने के बाद दंतैल हाथी जंगल में जाकर छिप गये थे। वन विभाग उसके लगातार लोकेशन ढूढंने के प्रयास में जुटी हुई थी लेकिन दंतैल का पता नहीं चल पा रहा था। इस दौरान दंतैल कोरबा वन मण्डल के कुदमुरा रेंज की सीमा को पार करते हुए धरमजयगढ़ वन मंडल पहुंच गये हैं जिसके बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली। वहीं कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में 48 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। हाथियों का यह झुंड मेड़उड़ पहाड़ पर डेरा डाले हुए है। हाथियों का झुंड काफी दिनों से इस क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इनमें से कुछ हाथी झुण्ड से अलग होकर पहाड़ से नीचे उतरते हैं और जटगा तथा भोबघट में पहुंचकर सब्जी तथा धान की फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद पुनः वापस पहाड़ पर लौटकर झुंड में शामिल हो जाते हैं। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है।

# पाली के भदरापारा जंगल में बंधक बनाए गए थे 28 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- भूखे-प्यासे पेड़ से बांधकर रखा था तस्करों ने

पाली थाना अंतर्गत ग्राम भदरापारा के जंगलों में बड़े पैमाने पर गो-वंश तस्करी और क्रूरता के मामले में पशु तस्कर पकड़े गए हैं। सजग ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जंगल में पेड़ों से बांधकर रखे गए 28 नग कीमती बैलों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इन मवेशियों को बिना चारा-पानी के भूखा-प्यासा बांधकर रखा गया था। माना जा रहा है कि बैलों को कत्लखाने ले जाने की तैयारी थी।

ग्रामीणों ने बताया कि जंगल के भीतर कुछ बाहरी संदिग्ध लोग मवेशियों को इकट्ठा कर छिपा रहे हैं। सूचना मिलते ही विजय नेताम अन्य ग्रामीणों और सहयोगियों के साथ भदरापारा के जंगल ⏭ शेष पेज 3 पर



गिरफ्तार मवेशी तस्कर।

# फिर तलाशे जाएंगे दिव्यांग, चलाया जाएगा सर्वे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**
- पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग को दी गई है जिम्मेदारी

पिछले कुछ वर्षों से जिला प्रशासन के जनदर्शन कार्यक्रम में दिव्यांगों के पहुंचने और कृत्रिम उपकरण मांग जैसे मामले सामने आने के बाद एक बार फिर से जिले के मैदानी क्षेत्रों में दिव्यांगों का सर्वे अभियान चलाया जाएगा। शहरी और ग्रामीण अंचलों में चलने के साथ ही यह शिक्षण संस्थानों में भी चलाया जाएगा।

दिव्यांगों के सर्वे को लेकर लगातार लापरवाही सामने आने का ही परिणाम है कि प्रति सोमवार होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में कोई न कोई दिव्यांग ट्रायसाइकिल मांगने कलेक्टर के सामने खड़ा हो जा रहा है। इससे जाहिर है कि पंचायत समाज कल्याण विभाग दिव्यांगों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं के प्रचार प्रसार के मामले में कारगार साबित नहीं हो रहा है। शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचलों से भी दिव्यांग जिला मुख्यालय पहुंचते हैं और आश्चर्य है कि पंचायत समाज कल्याण विभाग के दफ्तर से बैरंग लौट जाते हैं। आवेदनों के साथ तमाम तरह की प्रक्रियाओं को पूरा करने में आने वाली अड़चनों को देखते हुए दिव्यांग एवं उनके परिजन थक हारकर जनदर्शन में कलेक्टर के सामने खड़े होते हैं। तब जाकर वही पंचायत समाज कल्याण विभाग उन्हें ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराता है।



#### मिलेगा पेंशन का लाभ

दिव्यांगों का सर्वे करने के बाद उन्हें शासन से मिलने वाली 500 रुपए दिव्यांग पेंशन से भी लाभान्वित कराया जाएगा। जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में फ्लोराइड युक्त पानी पीने से शारीरिक विकृति का शिकार हुए ग्रामीणों को दिव्यांग पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। इनके पास स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिया जाने वाला दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण योजना से लाभान्वित नहीं किया जा रहा है। प्रशासन के द्वारा चलाए जाने वाले नए सर्वे अभियान में फ्लोराइड पानी पीने से शारीरिक विकृति का शिकार हुए ग्रामीणों को शामिल किया जाएगा या नहीं इसका कोई उल्लेख नहीं है।

### 5 सौ तकनीकी पदों पर दिसंबर से पूर्व की जाएगी भर्ती

# विद्युत संयंत्रों में कार्यरत 180 तकनीकी कर्मचारियों को इसी माह मिलेगा पदोन्नति का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में कार्यरत लगभग 180 तकनीकी कर्मचारियों को 31 मई से पहले पदोन्नति का लाभ मिलने जा रहा है। इसके अलावा 5 सौ तकनीकी पदों पर भी दिसंबर माह से पूर्व भर्ती की योजना बनाई गई है।

उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कटियार ने छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-1 के साथ आयोजित द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दी गई। इस दौरान श्री कटियार ने फेडरेशन के अन्य मांगों को पूरा करने के लिए समय सीमा का भी निर्धारण कर दिया है। संगठन के प्रांतीय सचिव पवन दास ने बताया है कि फेडरेशन-1 के महासचिव आर सी चेट्टी द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पर 15 मई को प्रबन्ध निदेशक-जनरेशन कंपनी संजीव कटियार की अध्यक्षता एवं मानव संसाधन के अधिकारियों के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक के पूर्व फेडरेशन-1 के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने जनरेशन कंपनी के प्रबन्ध निदेशक को उत्पादन एवं अन्य क्षेत्रों में कंपनी को लगातार अग्रणी बनाये रखने के लिये पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री कटियार ने राज्य में स्थापित हो रहे सुपर क्रिटिकल/पंप स्टोरेज एवं बैटरी स्टोरेज आदि परियोजनाओं के संबंध में उत्पादन/लागत एवं प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। फेडरेशन के प्रान्तीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शुक्ला, महासचिव आरसी चेट्टी के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के सभी बिन्दुओं पर तार्किक एवं संख्यात्मक जानकारी देते हुये संगठन का पक्ष रखा। प्रतिनिधियों ने कहा कि कर्मचारियों की लगातार घटती संख्या के कारण कंपनी के स्वीकृत 2339 तकनीकी पदो के विरूद्ध मात्र 618 कर्मचारी तीनों सयंत्रो में कार्यरत है। वर्तमान में तृतीय श्रेणी के 75 प्रतिशत एवं चतुर्थ श्रेणी के 92 प्रतिशत पद रिक्त होने के साथ ही वरिष्ठ कर्मचारी पदोन्नति से वंचित है। ज्ञापन के प्रमुख बिन्दुओं पर समय सीमा के अंदर निर्णय लेने के लिये आश्वस्त किया गया, जिसमें 31 मई तक 180 तकनीकी कर्मचारी पदोन्नत होंगे, कंपनी द्वारा 500 तकनीकी पदो पर दिसम्बर 2026 के पहले भर्ती किये जाने का निर्णय, पदों की पुर्नसंरचना हेतु युनियन प्रतिनिधियों की शामिल कर शीघ्र समिति का गठन, छः वरिष्ठ कार्यालयीन कर्मचारियों की वरिष्ठता पर निर्णय हेतु निर्देश, नये श्रम कानून के परिपालन में ओव्हरटाईम सुविधा की बहाली एवं उत्पादकता आधार पर प्रदत्त इंसेटिव योजना शीघ्र लागू होगी। पुर्नवास नीति के तहत लगभग 150 भू-विस्थापितों को 15 दिन के भीतर रोजगार, सुरक्षा एवं अग्निशमन के कर्मचारियों को रिक्त पदो पर पदोन्नति एवं वर्दी सुविधा हेतु निर्देश, नये आवास आबंटन नीति का समुचित अनुपालन होगा, जर्जर एवं पुराने आवास गृहों का जीर्णोद्वार एवं नवीनीकरण शीघ्र, शिक्षा सत्र 2027-28 से कंपनी के विद्यालय भवन में इंग्लिस मीडियम स्कूल का संचालन, कंपनी के आवास गृहों का रख-रखाव, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु निरीक्षण एवं सुधार के निर्देश हैं। बैठक में प्रबंधन की ओर से प्रबन्ध निदेशक एस० के० टियार के साथ मुख्य अभियंता, मनीष गुप्ता, उप-महाप्रबंधक-II मनोज अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता देवांश सराफ तथा फेडरेशन की ओर से प्रांतीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शुक्ला एवं महासचिव आर सी चेट्टी के साथ ⏭ शेष पेज 3 पर



एमडी से चर्चा करते फेडरेशन के सचिव श्री चेट्टी एवं अन्य।

## खबर संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मिस्त्री घायल



**बिलासपुर।** सेट्रिंग का काम कर रहा मिस्त्री छत के ऊपर से जा रही हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इस दौरान वह सीधे जमीन पर गिर पड़ा, इस दौरान उसका शरीर जल गया है। आसपास के लोगों ने उसे सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र के कड़ार गांव की है, जहां मिस्त्री सूरज कुमार राजगीर पिता कांशी राम राजगीर पड़ोसी के घर की छत पर राड बांध रहा था, सुबह 10.30 बजे वह छप पर चढ़ा, इस दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर झुलस गया। जिसे एम्बुलेंस के सहारो सिम्स में भर्ती किया गया है, प्रारंभिक उपचार के बाद उसे कैजुवल्टी में शिफ्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव में हाईटेंशन लाइन काफी नजदीक आ चुका है, जिसके चलते यह दुर्घटना हुई है। फिलहाल सूरज की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### किसान से 4 लाख की ठगी, व्यापारी पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** किसान से धान खरीदकर व्यापारी ने 4 लाख 400 रुपए का बंद हो चुकी बैंक शाखा का चेक थमा दिया। पुलिस ने धान व्यापारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, ग्राम केंवटाडीह भुतहा निवासी सोनू गौरहा ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होने जनवरी 2026 में ग्राम ससहा पामगढ़ निवासी राजेश कुमार साहू को 143 क्विंटल धान 2800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बेचा था। धान की कुल कीमत 4 लाख 400 रुपए हुई। राजेश कुमार साहू ने भुगतान बाद में करने की बात कही थी। किसान श्री गौरहा के द्वारा बार बार पैसा मांगने पर बिक्री रकम नहीं दे रहा था। काफी समय बाद राजेश साहू ने 20 फरवरी 2026 को उन्हें इलाहाबाद बैंक शाखा कोसला का 4 लाख का चेक दिया। उन्होंने 5 मई को उक्त चेक को बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा मल्हार में जमा किया तो दूसरे दिन बैंक ने चेक वापस कर दिया। उन्होंने इलाहाबाद बैंक में जानकारी ली तो पता चला उक्त बैंक खाता 29 अक्टूबर 2024 से बंद है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धान व्यापारी राजेश साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सोने की चेन हड़पने वाली महिला पर अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** गिरवी रखे सोने की चेन हड़पने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड निवासी अमित छत्रवाणी प्राइवेट काम करते हैं। पिता की मृत्यु होने पर उन्होंने पत्नी ललिता की सोने की चेन मुंगेलीनाका सथित माही ज्वेलर्स में 30 हजार रुपए में गिरवी रखा। इसी दौरान उनके परिचित रविन्द्र उर्फ कल्लू मानिकपुरी ने उन्हें अपनी परिचित पंखुड़ी उर्फ दिव्यांका माखिजा से मिलवाया और कहा कि वह बिना ब्याज के गिरवी संबंधी मदद कर देगी। 1 जनवरी 2026 को पंखुड़ी माखिजा अमित को लेकर माही ज्वेलर्स पहुंची और 33 हजार रुपए जमा कर सोने की चेन छुड़वाकर अपने पास रख लिया। अमित से कहा जब भी वह 33 हजार रुपए देंगे वह चैन वापस कर देगी। तीन माह बाद अमित पैसा लेकर अपनी सोने की चेन लेने गया तो महिला उन्हें घुमाने लगी। बाद में उन्हें जानकारी हुई महिला उक्त सोने की चेन 12 जनवरी को मणापुरम गोल्ड लोन में गिरवी रखकर 1 लाख 33 हजार रुपए लोन ले लिया है। अमित छत्रवाणी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



---

**राहत**

निजी स्कूल एसोसिएशन का 4 मार्च से चल रहा था आंदोलन, सरकारी स्कूलों में प्रति छात्र होने वाले खर्च को सार्वजनिक करने की मांग

# अभिभावकों के लिए राहत, आज से फिर शुरू होंगे निजी स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश को लेकर अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने अपने पहले के फैसले को बदलते हुए इस वर्ष आरटीई के तहत प्रवेश नहीं देने का निर्णय वापस ले लिया है। अब प्रदेश के सभी निजी स्कूलों में 18 मई सोमवार से आरटीई एडमिशन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी। हालांकि संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि रीइंबर्समेंट राशि बढ़ाने और एंट्री क्लास में बदलाव के विरोध में चल रहा असहयोग आंदोलन अभी जारी रहेगा।

गौरतलब है कि निजी स्कूल संचालकों ने एक मार्च से असहयोग आंदोलन शुरू किया था। इसके बाद 4 अप्रैल को हुई बैठक में इस साल आरटीई प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया गया था। संगठन का आरोप है कि उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। एसोसिएशन ने सरकार से यह भी मांग की है कि शासकीय स्कूलों में प्रति छात्र होने वाले वास्तविक खर्च को सार्वजनिक किया जाए।




### बिलासपुर में 2 हजार सीटें खाली

संगठन के अनुसार, हाल ही में जारी शिक्षा विभाग के आंकड़ों में राज्य के 33 में से 29 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक आरटीई सीटें खाली पाई गई हैं। इसे संगठन ने अपने आंदोलन की सफलता के रूप में बताया है। बिलासपुर में भी 2 हजार से अधिक सीटें अभी तक नहीं भर सकीं हैं। इसके साथ ही एसोसिएशन का दावा है कि पहले हर साल लगभग 65 हजार छात्रों को आरटीई के तहत प्रवेश मिलता था, जबकि इस बार रिक्त सीटों की संख्या करीब 22 हजार ही रह गई है।

### एंट्री क्लास बदलने का भी विरोध

गौरतलब है कि इस बार स्कूल शिक्षा विभाग ने कई निजी स्कूलों में आरटीई के तहत एंट्री क्लास बदलकर पहली कक्षा कर दी है, जिसका भी विरोध किया जा रहा है। निजी स्कूल संचालकों का कहना है कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ेगा। संगठन ने बताया कि इस मुद्दे पर दायर याचिका फिलहाल बिलासपुर हाईकोर्ट में लंबित है।

---

बेतरतीब पार्किंग के कारण संकरी हो जाती हैं सड़कें

# नियमों को ठेंगा दिखा रहे वाहन चालक पीली लाइन के बाहर पार्क हो रही गाड़ियां



अपेक्स बैंक के सामने नेहरू चौक।



लिंक रोड पर अवैध पार्किंग।



मगरपारा सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी एक गंभीर समस्या है। मुख्य सड़कों पर पीली लाइन खींची गई है, ताकि उसके अंदर गाड़ियां पार्क की जा सकें, परन्तु सभी मुख्य मार्गों पर पीली लाइन के बाहर गाड़ियां खड़ी की जा रही हैं, इससे लगातार ट्रैफिक जाम होता है और आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बेतरतीब पार्किंग के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं। आलम यह है कि शाम तक तो दो पहिया वाहनों का भी निकलना दूभर हो जाता है। सड़क का लगभग 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा अवैध पार्किंग जाता है। इससें सबसे ज्यादा परेशानी एम्बुलेंस और स्कूल बसों को होती है। पीली लाइन के बाहर खड़ी गाड़ियों के कारण अक्सर बॉटलनेक की स्थिति बन जाती है,जहां एक भी बड़ी गाड़ी आने पर पूरा ट्रैफिक ठप हो जाता है।

■ ट्रैफिक जाम से आने जाने वालों को होती है परेशानी

### लगातार चल रहा अभियान

ट्रैफिक पुलिस की टीम टीम लगातार अभियान चलाती रहती है, पुलिस का मुख्य ध्यान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर रहता है , ओवर स्पीडिंग,सीट बेल्ट ,बिना हेलमेट पर ध्यान दिया जाता है। अवैध पार्किंग को लेकर भी हम लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

**-रामगोपाल करियारे,**
एडीशनल एसपी ट्रैफिक

### इन जगहों पर है बड़ी समस्या

**कलेक्टोरेट रोड** : कलेक्टोरेट जाने वाले मार्ग पर सबसे बुरा हाल है। इस क्षेत्र के ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है, परन्तु लोग वहां गाड़ियां नहीं खड़ी करते, गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी की जाती हैं। सड़क पर गाड़ियों और दो पहिया वाहनों की आवाजाही से पूरी सड़क कवर हो जाती है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यहां लगातार कार्रवाई की जाती है, फिर भी वाहन चालकों पर कोई असर नहीं पड़ता है। इसी तरह नेहरू चौक के पास स्थित नगर निगम कार्यालय और अपेक्स बैंक के सामने मुख्य मार्ग पर बेतरतीबी से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं।

**लिंक रोड, मगरपारा रोड** : शहर के सबसे व्यस्त मार्ग लिंक रोड और मगरपारा रोड पर भी बेतरतीब पार्किंग सबसे बड़ी समस्या है। इन दोनों सड़कों पर बेतरतीबी से वाहन खड़े किए जाने से ट्रैफिक जाम होता रहता है। लिंक रोड पर फास्टफूड के ठेले खड़े होते हैं, यहां पहुंचने वाले अपने वाहन सड़क पर खड़े कर देते हैं। इसी तरह मगरपारा रोड पर बड़ी संख्या में दुकानें बना ली गई हैं। इन दुकानों के सामने कतार से वाहन खड़े होते हैं, इस सड़क पर दोपहिया वाहन चलाने में भी मुश्किल होने लगती है।

**सरकंडा** : अवैध पार्किंग की समस्या से सरकंडा क्षेत्र भी अछूता नहीं है। यहां सीपत चौक से लेकर नूतन चौक और आगे अशोक नगर चौक पर कतार से दुकानें बन गई हैं। सभी दुकानों के सामने बेतरतीबी से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, इससे आने जाने वालों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

---

गाड़ियों में की गई थी पत्थरबाजी

# ड्राइवर की हत्या करने के मामले में दो युवक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी।

**बिलासपुर/बिल्हा।** तीन गाड़ियों में पत्थराव कर ड्राइवर की हत्या के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गर्लफ्रेंड के नहीं मिलने पर आक्रोशित होकर दोनों युवकों ने शराब के नशे में गाड़ियों पर पथराव किया था।

■ बिल्हा पुलिस को मिली सफलता

बिल्हा पुलिस के अनुसार, 19 अप्रैल 2026 की रात बलौदाबाजार निवासी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीबी, 0655 में अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट लोड कर चालक सोनू राज चकरभाठा जाने निकला था। भाठापारा बिल्हा मेन रोड ग्राम झाल में रात 12.30 बजे बाइक सवार दो युवकों ने चालक को ईंट फेंककर मारा, जिससे ट्रक खेत में घुसकर एक मकान से टकरा गया था। उसके बाद 500 मीटर की दूरी में बाइक सवार दोनों युवकों ने बेलटुकरी से बारातियों को लेकर पथिरया लौट रहे स्वराजमाजदा के ड्राइवर को फेंककर मारा। जिससे ड्राइवर पथरिया तुमाढेरा निवासी देवकुमार भोसले पिता जगदीस प्रसाद भोसले 40 साल की मौत हो गई थी। उसके बाद युवकों ने 3 किलो मीटर दूर बलौदाबाजार रामपुर से बारात जा रही स्कार्पियो के ड्राइवर साइड लाल रंग के पत्थर फेंका, जिससे स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई और 5 बाराती घायल हो गए।

### गर्लफ्रेंड के नहीं मिलने पर मचाया उत्पात

आरोपी पंकज कुमार ध्रुव का एमएम फिशरी में काम करने वाली एक युवती से प्रेम संबंध था। घटना के दिन युवती रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने बिल्हा आ गई थी। युवती ने पंकज को मिलने के लिए बिल्हा बुलाया। पंकज अपने एक साथी के साथ बिल्हा युवती से मिलने आया। काफी इंतजार के बाद भी युवती उनसे मिलने नहीं आई तो दोनों आक्रोशित होकर बिल्हा की शराब दुकान में जाकर छककर शराब पी। उसके बाद रामपुर जाते समय रास्ते में चलते गाड़ियों में पत्थराव करने लगे थे।

### यूपी से लौटने के बाद माता पिता के घर में छिपा

आरोपी मोहन निषाद वारदात को अंजाम देने के बाद काम की तलाश में यूपी चला गया था। एक सप्ताह बाद वह वहां से गांव लौटा तो उसे जानकारी मिली कि पुलिस उसे खोज रही है, वह आनन फानन में अपने माता पिता के घर धमतरी सिहावा गोरेडोंगरी चला गया था। पुलिस उसके घर में दबिश दी तो वह नहीं मिला। सख्ती बरतने पर घरवालों ने बताया, वह राइसमिल में काम कर रहा है। पुलिस ने राइसमिल से उसे गिरफ्तार किया है।

### पकड़े गए आरोपी

- पंकज कुमार ध्रुव पिता कुलेश्वर ध्रुव 21 साल नयापारा वार्ड क्रमांक 16 टेंगा धमतरी
- मोहन निषाद पिता देवचरण निषाद 30 साल कोहरौदा बिल्हा

### घायल दूल्हे से मिला सुराग

सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। उसके बाद टीआई तोप सिंह नवरंग ने स्कार्पियो पलटने से घायल दूल्हा बलौदाबाजार करहीबजारी रामपुर निवासी भास्कर से पूछताछ की तो उसने बताया, हादसे के दौरान रामपुर एमएम फिशरी में काम करने वाले दो युवक मौके पर आए थे और उन्होंने घायलों की मदद की थी। पुलिस रामपुर एमएम फिशरी में जाकर जानकारी ली तो पता चला कि घटना की रात दोनों युवकों ने आतिशबाजी की थी, उक्त पटाखा बाराती गाड़ी स्कार्पियो से निकाला गया था, पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया तो दोनों ने गाड़ियों में पत्थरबाजी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 110, 103, 1, 115, 2, 3, 5 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## कमीशन में जालसाजों को बैंक खाता देने वाले 3 युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एसबीआई व्यापार विहार शाखा के पास कमीशन में बैंक खाता देने का लालच देते पकड़े गए युवक के माध्यम से पुलिस ने उसके तीन अन्य साथियों को अम्बिकापुर से पकड़ा है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। युवकों के द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खातों के विरूद्ध देश भर में 60 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

■ उपलब्ध कराए गए बैंक खातों के विरूद्ध देश भर में 60 से अधिक शिकायतें

13 मई को तारबाहर पुलिस ने व्यापार विहार स्टेट बैंक के पास लोगों को बैंक पासबुक उपलब्ध कराने पर कमीशन देने का लालच देते हुए सूरजपुर बसदई सिरसी निवासी दीपेश कुमार गुप्ता पिता दिलीप कुमार गुप्ता 21 साल को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस को जांच के दौरान आरोपी के जब्त मोबाइल से महत्वपूर्ण तकनीकी इनपुट एवं डिजिटल साक्ष्य हाथ लगे। उसके आधार पर पुलिस ने अम्बिकापुर में दबिश देकर आरोपी के फरार साथी नवतीत मिश्रा उर्फ विक्की पिता संजय मिश्रा नवापारा गांधीनगर अम्बिकापुर, ऋषभ साहू पिता विरेन्द्र साहू 24 साल कंपनी बाजार अम्बिकापुर, राजा घरानी पिता रंजन घरानी 22 साल डिगमा नेहरू नगर गांधीनगर सरगुजा निवासी को पकड़ लिया। तीनों से जब्त मोबाइल की जांच में यह तथ्य सामाने आया गिरफ्तार आरोपी दीपेश कुमार गुप्ता एवं तीनों युवक आपस में व्हाट्सएप एवं मोबाइल माध्यम से विभिन्न वयक्तियों के बैंक खातों की जानकारी साझा करते थे और म्यूल अकाउंट नेटवर्क संचालित कर रहे थे। प्रारंभिक तकनीकी विश्लेषण में यह भी पाया गया कि आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खातों के विरूद्ध देश के विभिन्न राज्यों में 60 से अधिक साइबर फ्रॉड शिकायतें दर्ज हैं। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी ककी रकम प्राप्त करने, ट्रांसफर करने एवं निकालने के लिए किया जा रहा है। तीनो आरोपियों की मोबाइल जब्त कर तकनीकी परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपियों एवं उनसे जुड़े अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों, डिजिटल ट्रांजेक्शन एवं नेटवर्क की विस्तृत जांच जारी है।



## बिजली विभाग के ढर्रे से उपभोक्ता परेशान ट्रांसफार्मर व लाइन की खराबी बनी वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। बिजली विभाग की उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि ट्रांसफार्मर व केबल में बार बार खराबी आ रही है, इसकी शिकायत भी की गई लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी कामचलाऊ व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे है, उनके जाते ही समस्या जस की तस रहती है। ऐसे में उपभोक्ताओं ने डिवीजन के कार्यपालन यंत्री से इसकी शिकायत की है।

मामला विकास नगर 27 खोली के आसपास का है। वार्ड नंबर 15, संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास ट्रांसफार्मर को लेकर क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने पश्चिमी डिवीजन के ईई से मुलाकात की। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि ट्रांसफार्मर अक्सर खराब रहता है, सर्विस लाइन केबल मकड़ी का जाल हो चुका है। जिसके चलते हल्के हवा में भी कई बार बिजली बंद हो जाती है। ट्रांसफार्मर का इन्कोमिंग, आउटगोइंग केबल व लक्स क्षतिग्रस्त है। ट्रांसफार्मर से खम्भे में जाने वाला पावर केबल कई जगहों से कटा है। सर्विस तार समूह में अव्यवस्थित तरीके लगाए गए है। जिससे चलते एक उपभोक्ता की लाइन सुधारते ही दूसरे उपभोक्ता की बिजली बंद हो जाती है। इस कारण कई बार शार्ट सर्किट होने का खतरा मंडराते रहता है।

बताया जा रहा है कि फ्यूज कॉल कर्मचारियों द्वारा केबल को जोड़-तोड़ कर कामचलाऊ तरीके से लाइन शुरू की गई है जिसके चलते उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शार्ट सर्किट, लो वोल्टेज से सामान व जन हानि होने की आशंका बनी हुई है।



### जक्शन बाक्स के ढक्कन गायब

खास बात यह है कि शहर भर में ट्रांसफार्मर के नीचे लगे जक्शन बाक्स के ढक्कन गायब है। फ्यूज कॉल कर्मचारी अक्सर इन बाक्स को बंद करना भूल जाते है और समय के साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा इसे तोड़ दिया जाता है। जिससे इसके अंदर लगे ग्रिप और तार झांकते रहते है। इससे बच्चे और जानवरों को करंट लगने की आशंका बनी रहती है, लेकिन विभाग लाखों रूपए खर्च कर इस समस्याओं का निदान नहीं कर सकता है।

### सर्विस तार विभाग नहीं देता

उपभोक्ताओं की शिकायत को कर्मचारियों को भेज दिखवा लिया जाएगा। सर्विस तार विभाग द्वारा नहीं दिया जाता है, अगर यह खराब है तो उपभोक्ताओं को स्वंय ही लाना होगा। ट्रांसफार्मर में दिक्कत नहीं है।

**-भरत भूषण नेताम,** ईई,
पश्चिमी डिवीजन

---

### नहर में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** नहर में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मस्तूरी टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, ईटवा निवासी प्रदीप पाटले पिता बीरबल पाटले 28 साल शनिवार की शाम घर से निकले थे। सुबह उनकी गांव के नहर में लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर नहर से लाश निकालकर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## बाइक भिड़ंत में दो युवकों की गई जान, दो लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुचकी घाट एनएच 43 स्थित लाल माटी के समीप दो बाइक के बीच आमने टक्कर हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए जिसमें मृतक की पत्नी भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई सड़कपारा निवासी संतोष कुजूर आ. जयचंद कुजूर (38 वर्ष) सुबह पत्नी संगीता के साथ बाइक क्रमांक सीजी 14 एमवी 0586 से अंबिकापुर घंघरी स्थित एकलव्य स्कूल बेटा का टीसी लेने जाने के लिए निकले थे। बाइक सवार दंपति जैसे ही एनएच 43 लुचकी घाट लाल माटी के सतीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे



बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएफ 3136 से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सवार संतोष एवं दूसरे बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर घायलों को तत्काल वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र में भर्ती कराया गया।

---

## अनियंत्रित कार ने मालवाहक को मारी टक्कर

बिलासपुर। रतनपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरकंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय (एग्रीकल्चर कालेज)के सामने तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे छोटे मालवाहक पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में माल वाहक का चालक सड़क पर गिर गया उसे सिर पर गंभीर चोट आई, जिसे तत्काल इलाज के लिए मंगला अस्पताल में भरती कराया गया।

सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरेला (सीपत)निवासी मुकेश राजपूत पुत्र गुलाब सिंह राजपूत अपने छोटे मालवाहक से माल छोड़ने गनियारी गए हुए थे। दोपहर में वे गनियारी से माल खाली करने के बाद रतनपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से लौट रहे थे, इसी दौरान लोधीपारा के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार



सिल्वर ग्रे रंग की कार क्रमांक सीजी 10 बीएच 5049 के चालक ने मालवाहक को पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि अतुल जेम थ्री-वीलर का पिछला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और उसकी चेचिस भी टूटकर धंस गई। घायल चालक को राहगीरों की मदद से मंगला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सरकंडा थाने में मामले की शिकायत दर्ज कर ली गई है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** पति को दूध लेने भेजकर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आरोप प्रत्यारोप लगाकर मायके व ससुराल पक्ष के लोग झगड़ते रहे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, जरहागांव मुंगेली निवासी पूर्णिमा लहरे पति रोहित लहरे 23 साल ने प्रेम विवाह किया था और तिफारा ईडब्ल्यूएस कालोनी के मकान नम्बर 498 में रह रही थी। 17 मई की सुबह पूर्णिमा ने अपने पति को दूध व अन्य सामान खरीदने के लिए दुकान भेज दिया। उसके बाद अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रोहित सामान लेकर घर आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर उसने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा तो पूर्णिमा फांसी पर लटकी हुई थी। उनका बच्चा सोफा पर बैठा हुआ था। सूचना पर मृतका के मायके पक्ष व रोहित के घरवाले मौके पर आ गए। मायके पक्ष वाले पति पर मारपीट करने व हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाकर आपस में झगड़ा करने लगे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जूना बचान जंगल मुख्य मार्ग पर पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुखरी निवासी राम जनम आ. बेचन (23 वर्ष) 16 मई को किसी काम के सिलसिले में राजपुर गया था। दोपहर को बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही जूना बचान जंगल मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल हो रायपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। परिजन घायल को वापस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपात कालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### विकसित कृषि संकल्प यात्रा शिविर आज

बिर्रा। जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा ऊपर पारा रामसागर तालाब चौक में सोमवार 18 मई को सुबह 10 बजे से विकसित कृषि संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यान विभाग तथा पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर किसानों को विभाग में संचालित योजनाओं एवं उन्नत तकनीक - मिट्टी परीक्षण, रासायनिक उर्वरक एवं खाद का संतुलित उपयोग, बीज उपचार कर बुआई करने, हरी खाद ढैंचा एवं सन तथा नील हरित काई उत्पादन एवं इसका धान व अन्य फसल में उपयोग - लाभ, ग्रीष्मकालीन जुताई, रबी में धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसल लगाने, पीएम आशा योजना अंतर्गत फसलों का पंजीयन एवं बिक्री, धान की नई किस्म, रोग एवं कीट नियंत्रण, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, एग्री स्टैक अंतर्गत किसान आईडी बनाना तथा उद्यान एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### सुशासन तिहार : चुरतेली में समाधान शिविर आज

**सक्ती**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत हाई स्कूल चुरतेली में 18 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत आयोजित चुरतेली समाधान शिविर में ग्राम पंचायत चुरतेली, चुरतेला, सुखदा, बांधापाली, बरतुंगा, देवरघटा, घिवरा, गोबरा, कांसा, कटौद, कुसमुल, लटियाडीह, कोटमी, निमोही, कबारीपाली, केकराभांठ, सिंघितराई, बाड़ादरहा एवं टुण्ड्री ग्राम पंचायत क्लस्टर शामिल रहेंगे। शिविर के सफल संचालन हेतु जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला सक्ती को शिविर स्थल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### चौथी लाइन जोड़ने प्रभावित रहेंगी ट्रेनें



**जांजगीर-चांपा**। बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेलवे लाइन परियोजना के तहत चांपा स्टेशन पर नॉन-इंटरकनेक्टिविटी और ऑटो सिग्नलिंग का काम किया जाना है। अधोसंरचना विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य के कारण 7 जून से 19 जून के बीच रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित रहेगी। इन 13 दिनों में 70 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस ब्लॉक की वजह से बिलासपुर से गुजरने वाली 70 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई गाड़ियां बीच रास्ते में समाप्त होंगी या देरी से चलेंगी। इस दौरान आजाद हिंद एक्सप्रेस, पुणे से 3 घंटे, सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस ढाई घंटे और जनशताब्दी, हसदेव एक्सप्रेस गोंदिया, रायपुर से 2 घंटे की देरी से छूटेगी। इस अवधि में रेलवे ने यात्रियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हसदेव एक्सप्रेस को कोरबा बिलासपुर के बीच पैसेंजर बनाकर चलाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा अन्य वैकल्पिक उपाय भी यात्रियों को लिए किए गए हैं। अलग-अलग तारीख को पैसेंजर और मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी। 8 से 19 जून तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 7 से 18 जून तक 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 68745 गेवरारोड-रायपुर मेमू पैसेंजर, 7 से 18 जून तक 68746 रायपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 7 से 18 जून तक 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 68734/68733 बिलासपुर-गेवरारोड-बिलासपुर मेमू, 8 से 19 जून तक 68732/68731 बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू, 8 से 19 जून तक 68737/68738 रायगढ़-बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 8 से 19 जून तक 58210 बिलासपुर-गेवरारोड पैसेंजर रद्द रहेगी।

## निधन

### जीपी लहरे



**हरदीबाजार**। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा के प्राचार्य जीपी लहरे (61 वर्ष) का 16 को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अगारखार (पंतोरा) स्थित मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, को पुत्र पुत्री सहित भरा पूरा परिवार को शोक संतप्त छोड़ गए। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

---

### राज्य शासन की योजना से किया जाना है लाभान्वित

# जनपद पंचायतों में ठप पड़ा है खेतिहर मजदूरों के सर्वे का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

राज्य शासन की दीनदयाल भूमिहीन कृषक कल्याण योजनान्तर्गत खेतिहरर मजदूरों के सर्वे का काम जनपद पंचायतों व राजस्व विभाग के जिम्मे है। किन्तु अब तक केवल एक बार ही सर्वे हुआ है और अभी भी कई ऐसे खेतिहर मजदूर हैं जो इस योजना के दायरे से बाहर हैं।

**खास बात**

- अब तक एक बार ही जिले में हुआ है सर्वे का काम

ढाई एकड़ भूमि से कम भूमि वाले कृषकों को खेतिहर मजदूरों की श्रेणी में लाया गया है। लेकिन इसमें उन गांवों के खेतिहर मजदूरों को शामिल किया गया है जो शहरी क्षेत्र से लगे हुए हैं और इनकी संख्या जिले में 25 सौ बतायी गयी है। जबकि यह संख्या खरीफ फसल के दौरान खेतों में थरहा लगाने के लिए बुलाए जाने वाले ऐसे खेतिहर मजदूरों को देखते हुए कम नजर आती है। खेतिहर मजदूर जो प्रति वर्ष इस काम को करते हैं उन तक इस योजना का नहीं पहुंचना जनपद पंचायतों और राजस्व विभाग के सर्वे पर सवाल खड़ा करता है। योजना के लागू होने के बाद केवल एक बार सर्वे का काम किया गया है। उसके बाद सर्वे जैसे महत्वपूर्ण काम बंद पड़े हुए हैं। वहीं दूसरी ओर खेतिहर मजदूर खरीफ फसल में थरहा लगाने में मजदूरी करने के बाद काम की तलाश में अन्य प्रदेशों की ओर चले जाते हैं। जबकि शासन की यह योजना खेतिहर मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए लाई गई थी। किन्तु सर्वे का कार्य दोबारा नहीं होने से ऐसे खेतिहर मजदूर की जानकारी भी ग्राम पंचायतों में नहीं रखी जा रही है और ना ही ग्राम पंचायतों में ऐसे कोई रिकार्ड मौजूद हैं जिससे यह जाना जा सके कि किस गांव से कितने खेतिहर मजदूर पलायन किए हैं। जबकि इस मामले में शासन के स्पष्ट निर्देश हैं। पंचायत के रजिस्टर में पलायन करने वालों का नाम व पता दर्ज किया जाए। पंचायत सचिव ऐसे लोगों के नाम पता दर्ज करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिससे खेतिहर मजदूरों को इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**खाते में जाते हैं 10 हजार रुपए**

इस योजना के तहत ढाई एकड़ से कम भूमि वाले खेतिहर मजदूरों के बैंक खाते में सालाना 10 हजार रुपए जारी किए जाते हैं। इसके लिए जनपद पंचायत व राजस्व विभाग के साथ श्रम विभाग में भी पंजीयन अनिवार्य किया गया है। तमाम पेचीदा प्रक्रियाओं के कारण जरूरतमंद खेतिहर मजदूरों का न तो सर्वे हुआ है और न ही श्रम विभाग के रिकार्ड में पंजीयन किया गया है।

**हो सकता है बड़ा खुलासा**

भूमिहीन कृषक कल्याण योजनान्तर्गत जिन खेतिहर मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना दिया जा रहा है। अगर उक्त सूची का पंचायतवार भौतिक सत्यापन का कार्य किया जाए तो ऐसे लोगों के शामिल होने का खुलासा हो सकता है कि जिनके पास ढाई एकड़ से अधिक जमीन राजस्व रिकार्ड में दर्ज है और उसके बावजूद राजस्व विभाग ने ही जनपद के अधिकारियों के साथ मिलकर सर्वे का काम पूरा किया है।

---

# ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम ने छात्रों की मेहनत दोनों को प्रभावित किया : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



संजय गुप्ता

वर्तमान ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम (ओएसएम) विद्यार्थियों की वास्तविक समझ और अभिव्यक्ति क्षमता का समुचित मूल्यांकन करने में पूरी तरह सफल नहीं दिखाई दे रहा है। बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य केवल अंक देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ, तार्किक क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच का मूल्यांकन करना होना चाहिए।

उक्त बातें इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कही। डॉ. गुप्ता ने कहा कि विज्ञान विषयों में विद्यार्थी केवल अंतिम उत्तर तक पहुँचने के लिए नहीं पढ़ते, बल्कि वे प्रत्येक स्टेप को समझते हुए समाधान विकसित करते हैं लेकिन वर्तमान डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कई बार केवल निर्धारित स्टेप मार्किंग को प्राथमिकता दी जाती है। यदि विद्यार्थी का उत्तर सही हो, परंतु उसने निर्धारित प्रारूप में स्टेप प्रस्तुत न किए हों, तो उसके अंक काट लिए जाते हैं। इससे उन छात्रों को सबसे अधिक नुकसान होता है जिनकी अवधारणाएँ मजबूत होती हैं, लेकिन उनकी प्रस्तुति शैली अलग होती है। उन्होंने कहा कि पहले पारंपरिक मूल्यांकन प्रणाली में शिक्षक उत्तर पुस्तिका को समग्र रूप से देखते थे। यदि विद्यार्थी की सोच सही दिशा में होती थी, तो उसे आंशिक अंक देकर प्रोत्साहित किया जाता था लेकिन ऑन-स्क्रीन मार्किंग में मूल्यांकन अधिक यांत्रिक और सीमित हो गया है। परीक्षक के पास समय कम होता है तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उत्तरों का मूल्यांकन करते समय मानवीय संवेदनशीलता और लचीलापन कम दिखाई देता है। उन्होंने आगे कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों पर पहले से ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धा का दबाव है। ऐसे में यदि मूल्यांकन प्रणाली उनकी मेहनत और ज्ञान के साथ न्याय नहीं करती, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। बोर्ड को चाहिए कि वह मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक संतुलित, मानवीय और छात्रहितैषी बनाए। किसी एक परीक्षा या प्रतिशत से जीवन की संभावनाएँ समाप्त नहीं होतीं। निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता का वास्तविक आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निराश न होने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

**खास बात**

- बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों को केवल अंक देना नहीं होना चाहिए वरन उनकी अवधारणात्मक समझ व क्षमता का भी मूल्यांकन करना चाहिए

---

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

### पीड़ित परिवार को दी 25 हजार रुपए की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



घटना स्थल पर पड़ी बाइक व शव।

पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अपने बाइक जा रहे एक वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाकारित वाहन को जब्त कर लिया है। वहीं मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कुकदा निवासी लक्ष्मण प्रसाद कश्यप उम्र 65 वर्ष अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी11 सीए 7203 से बिर्रा के भांठापारा में आयोजित पारिवारिक गमी के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा था। रविवार 17 मई की सुबह 10 बजे वह बिर्रा स्थित अंशिका जनरल स्टोर्स के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी04 एमएक्स 7460 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लक्ष्मण प्रसाद कश्यप सीधे ट्रक के नीचे आ गया और उसके सिर पर गंभीर चोट आई। अत्यधिक खून बहने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सड़क पर खून से लथपथ शव देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल गरमाने गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपनिरीक्षक टी.आर. जागड़े अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह भेजा। वहीं ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा किया गया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार लगातार लोगों की जान पर भारी पड़ रही। आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद न तो गति नियंत्रण के इंतजाम किए जा रहे हैं और न ही लापरवाह वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई हो रही है।

### हाइवा की टक्कर से गई सायकल सवार युवक की जान

**जांजगीर-चांपा**। रविवार की दोपहर 2 बजे नेशनल हाईवे-49 स्थित ग्राम कनाई चौक (पिसौद) में हुए एक भीषण सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम कनाई निवासी जयराम कश्यप के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयराम कश्यप पिसौद की ओर जा रहा था तभी कनाई चौक के पास तेज रफ्तार हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीआर 6591 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल जांजगीर भेजा गया। वहीं घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। वाहन और उसके चालक के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। कनाई चौक पहले से ही दुर्घटना संभावित क्षेत्र बना हुआ है, जहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कनाई चौक पर स्पीड ब्रेकर लगाने, ट्रैफिक संकेतक स्थापित करने और नियमित पुलिस निगरानी की मांग की है।

---

# पेट्रोल और डीजल का छाया संकट, भटक रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा




खाड़ी देशों के युद्ध के बाद पेट्रोल और डीजल का संकट खड़ा हो गया है। मालखरौदा ब्लाक के अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके है। डीजल की किल्लत तो पहले ही थी, अब पेट्रोल भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान नजर आ रहे है। पेट्रोल और डीजल लेने के लिए लोग पंप के चक्कर लगा रहे है।

प्रधानमंत्री के पेट्रोल-डीजल के कम खपत करने की अपील के बाद क्षेत्र के लोगों के मन में पेट्रोल व डीजल की कमी को लेकर अफवाह फैल गई है। वहीं जिले के कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों को जरकिन और डिब्बे में पेट्रोल डीजल नहीं देने का आदेश जारी किया है। इधर पंपों में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई भी पहले की अपेक्षा कम हो गई है। हालात ऐसे है कि कई पेट्रोल पंप पूरी तरह से ड्राई हो चुके है। मालखरौदा ब्लाक के सकर्रा स्थित पेट्रोल पंप में शनिवार की सुबह ही पेट्रोल खत्म हो चुका था, जबकि डीजल भी समाप्त होने की कगार पर था। इसी प्रकार शिव गोटिया पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल नहीं होने के कारण संचालक द्वारा सूचना का बोर्ड चस्पा कर दिया गया था। ग्राम पोता के दो पंप में से एक ड्राई हो गया था। वहीं एक अन्य पंप में एक्स्ट्रा प्रीमियम पेटोल दिया जा रहा था। यहां भी नॉर्मल पेट्रोल खत्म हो गया था। इसके अलावा डीजल भी खत्म हो गया था। वही बीरभाठा स्थित पंप में भी एक्स्ट्रा प्रीमियम पैट्रोल दिया जा रहा था जबकि डीजल खत्म होने की बात कही जा रही थी। पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल लेने पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि कई पंप में चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### बम्हनीडीह में आयोजित शिविर स्थगित

**जांजगीर-चाम्पा**। नगर पंचायत बम्हनीडीह में 4 जून को आयोजित किये जाने वाले जनसमस्या निवारण शिविर को स्थगित कर दिया गया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के कारण इसे स्थगित किया है। उक्त शिविर की आगामी तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चाम्पा**। शादी का झांसा देकर नाबालिक से अनाचार मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम भलवाही का है। इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 10 मई को नाबालिक के परिजनो के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी के द्वारा नाबालिक को शादी का झांसा देकर पहले भगा लिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया । इस मामले की गंभीरता को लेकर पुलिस ने आरोपी निवासी भलवाही अभय खुंटे उम्र 22 वर्ष को गिरप्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मामले में आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक पारस पटेल,सहायक उप निरीक्षक हेमलाल महिलांगे, प्रमोद महार, आरक्षक अमृत सूर्या, मनभावन पटेल का योगदान रहा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिले में फिर...

पंचायत समाज कल्याण विभाग के दफ्तर से बैरंग लौट जाते हैं। आवेदनों के साथ तमाम तरह की प्रक्रियाओं को पूरा करने में आने वाली अड़चनों को देखते हुए दिव्यांग एवं उनके परिजन थक हारकर जनदर्शन में कलेक्टर के सामने खड़े होते हैं। तब जाकर वही पंचायत समाज कल्याण विभाग उन्हें ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराता है।

### पाली के...

पहुंचे। ग्रामीणों की भारी भीड़ को आते देख कुछ मवेशी तस्कर मौके से भाग खड़े हुए, मुख्य आरोपी रहमद खान के साथ 4 अन्य पकड़े गए। जंगल के भीतर का नजारा बेहद विचलित करने वाला था। तस्करों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए कुल 28 नग बैलों को रस्सी से पेड़ों में जकड़ रखा था। भीषण गर्मी के इस मौसम में मवेशी तड़प रहे थे और उनके पास न तो चारे की व्यवस्था थी और न ही पानी की। इन मवेशियों की अनुमानित कीमत लगभग 84 हजार रुपये आंकी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पाली पुलिस ने शिकायतकर्ता विजय नेताम की लिखित रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 14/2026 दर्ज कर लिया है। कुछ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही भी की गई।

### तेज आंधी एवं....

बिजली विभाग और स्थानीय कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। विभाग की मदद से पेड़ों को हटाकर यातायात बहाल कराया गया। वहीं बारिश थमने के बाद बिजली कर्मचारी टूटे तारों और खंभों की मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक आए इस तूफान ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। प्रशासन और बिजली विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### विद्युत संयंत्रों में...

प्रांतीय संगठन सचिव सरोज राठौर, प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, प्रांतीय जोनल सचिव घनश्याम साहू, प्रांतीय क्षेत्रिय सचिव रजनीकांत कुर्रे, महामंत्री कार्यालय सचिव बलजीत सिंह कंवर, मुख्यालय प्रभारी मनीष वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# ड्राइवर को धमकाने वाला जल संसाधन विभाग का ईई निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




ड्राइवर से अभद्र भाषा में फोन पर बात करने वाले जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पर निलंबन की गाज गिरी है।कार्यपालन अभियंता ने विभाग के ही वाहन चालक को फोन पर बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी थी। साथ ही कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी की थी। ड्राइवर और कार्यपालन अभियंता के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। मामले की जांच के बाद छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा कार्यपालन अभियंता को निलंबित कर दिया गया है।

जांजगीर चाम्पा जिले में पदस्थ जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह को फोन पर धौंस दिखाते हुए ड्राइवर को धमकाना महंगा पड़ गया। कार्यपालन अभियंता की कुछ दिन पहले विभाग में पदस्थ ड्राइवर शशिकांत साहूसे मोबाईल पर लंबी बात हुई थी। इस दौरान ई ई शशांक सिंह ने गाली गलौज करते हुए ड्राइवर को जमकर धमकाया था। ड्राइवर को बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी गई। साथ ही कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ भी अमर्यादित टिप्पणी की गई। ड्राइवर के साथ ई ई की हुई बातचीत का ऑडियो 12 मई को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ। वायरल ऑडियो पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने तत्काल अपर कलेक्टर को जांच के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर ने कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन राज्य शासन को भेजा। राज्य शासन ने मामले में ई ई शशांक सिंह को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जांजगीर-चांपा से प्राप्त प्रतिवेदन और सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो क्लिप के आधार पर जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह द्वारा अपने अधीनस्थ वाहन चालक शशिकांत साहू से बातचीत में मोबाइल पर अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। साथ ही जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भी अशोभनीय टिप्पणी किए जाने की बात सामने आई। शासन ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में शशांक सिंह का मुख्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन नया रायपुर अटल नगर निर्धारित किया गया है।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री, आरोपी गिरप्तार

सक्ती। अवैध महुआ शराब के भंडारण एवं बिक्री मामले में कार्यवाही करते हुए 6 लीटर शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरप्तार कर लिया है। वही उसके कब्जे 6 सौ रुपए कीमती शराब को जब्त किया गया है। मामला फगुरम चौकी क्षेत्र के ग्राम भदरी का है। इस संबंध में फगुरम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 17 मई को पुलिस को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली की ग्राम भदरी निवासी अमित कुमार तिर्कि पिता दिल्लूराम के द्वारा अपने घर में पीले रंग के प्लास्टिक के अलग अलग जेरिकेन मे रखे कुल 6 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरप्तार कर लिया । इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरप्तार कर लिया। वही उसके कब्जे से 6 सौ रूपऐ किमती शराब बरामद कर लिया गया है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक अनवर अली,प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण राठौर,अनिल रात्रे,अविनाश देवांगन,सविता भारद्वाज का योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक ईश्वरप्रसाद पिता स्व. होरीलाल जाति पटवा साकिन गेवरा बस्ती तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम गेवरा बस्ती स्थित ख.नं. 899/4 कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.042 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा अर्जन कर लिया गया है। एस.ई.सी.एल. के पत्रक 5, 6 में त्रुटिवश ख.नं. 899/4 को गोपालप्रसाद पिता स्व. होरीलाल के नाम दर्ज हो गया है। जिसके कारण राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनॉक 29/05/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनाँक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमती मधु तिवारी, प्रथम जिला न्यायाधीश कटघोरा जिला कोरबा (छ०ग०)**

प्रकरण क्रमांक - 07/25
प्रोसेस क्रमांक - 737/26
पेशी तारीख - 27-06-26

श्रीमती भूमिका राजपूत वादी/आवेदक
**विरूद्ध**
श्रीमति शकुंतला वगै प्रतिवादी/अनावेदक
**बनाम**
आम जनता जो मामले से संबंधित हो

वादी/आवेदक श्रीमति भूमिका राजपूत के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक श्रीमती शंकुतला के विरूद्ध धारा 384 उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक ............ की तिथि है।

अतः प्रतिवादी/अनावेदक आम जनता को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27-06-26 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

नोट : यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 13-05-26 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक : 13/05/2026

**(श्रीमती मधु तिवारी)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ०ग०)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### रामनारायण बने भारतीय खाद्य निगम की राज्य स्तरीय समिति के सदस्य



**कोरबा।** भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ राज्य परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समिति के नवनियुक्त सदस्यों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस महत्वपूर्ण समिति में कोरबा जिले से नगर निगम के प्रथम सभापति और वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण सोनी को सदस्य नियुक्त किया गया है। रामनारायण सोनी की नियुक्ति को उनके राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति अटूट समर्पण के सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है। वे नगर निगम कोरबा के प्रथम सभापति रह चुके हैं और पिछले तीन दशकों से भारतीय जनता पार्टी को क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव और असंदिग्ध निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति से कोरबा के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। समिति के सदस्यों की घोषणा करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के साझा प्रयासों से छत्तीसगढ़ का विकास और किसानों का कल्याण नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### रवि बनाए गए कोसाबाड़ी मंडल उपाध्यक्ष



**कोसाबाड़ी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कोसाबाड़ी मंडल में रवि पोर्ते को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि श्री पोर्ते अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से करेंगे तथा युवा मोर्चा को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह हवन सहस्त्र धारा के साथ हुआ संपन्न



**भैसमा।** भैसमा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह हवन सहस्त्र धारा के साथ संपन्न हुआ। आयोजन ग्राम भैसमा निवासी लीलाबिहारी कौशिक एवं तुलेश्वर कौशिक के निज निवास रघुबर कृपा में आयोजित किया गया। भगवान की कथा का सजीव चित्रण झांकियों के माध्यम से संगीतमय कथा श्रवण भागवत आचार्य पंडित नूतन कुमार पांडेय के द्वारा उपस्थित श्रोता समाज को सुनाया गया। प्रतिदिन ग्राम के एवं आसपास के ग्रामवासी कथा श्रवण करने पंडाल में उपस्थित हो रहे थे। जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक कथा श्रवण करने अलग-अलग दिवस पंडाल में पहुंचे साथ ही साथ दक्षिण पंचमुखी हनुमान मंदिर का भी प्राण प्रतिष्ठा इसी क्रम में संपन्न हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की प्रसंग को झांकियों के माध्यम से उपस्थित सोता समाज को आचार्य पंडित नूतन प्रसाद पांडेय ने अपने मुखारविंद से प्रस्तुत किया। भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया।

### मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा डॉ. गीता विश्वकर्मा का सम्मान



**कोरबा।** मुकुटधर साहित्य समिति ने साहित्यिक भवन में कवयित्री एवं ग़ज़लकार डॉ. गीता विश्वकर्मा नेह का सम्मान किया। समिति ने उन्हें साल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदित किया। समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा तथा वरिष्ठ कवयित्री डॉ. गिरिजा शर्मा मंचस्थ रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में डॉ. गीता विश्वकर्मा के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए कविताओं और ग़ज़लों का पाठ किया। डॉ. गीता विश्वकर्मा ने कोरबा में बिताए अपने साहित्यिक जीवन के संस्मरण साझा किए और एक उत्कृष्ट ग़ज़ल की प्रस्तुति दी। काव्य-पाठ करने वालों में स्मिता देशपांडे, रामकली कारे, रश्मि श्रीवास, किरण सोनी, भारती चौरसिया, सुधा दुबे, कविता जैन, जीतेंद्र कुमार वर्मा, डीएस राजपूत, धरम साहू, बलराम राठौर सहित डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, दिलीप अग्रवाल, गिरिजा शर्मा एवं यूनुस दानियालपुरी शामिल रहे।

# अधिकमास में पुरुषोत्तम भक्ति से संवरेंगे बिगड़े काम, पुण्य का महापर्व शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

रविवार 17 मई से अधिकमास यानी पुरुषोत्तम मास की शुरुआत हो गई है, जो 15 जून तक चलेगा। हिंदू धर्म में इस महीने को बेहद पुण्यदायी और आध्यात्मिक साधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। यह महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है, इसलिए इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दौरान किए गए जप, तप, दान और पूजा-पाठ का फल कई गुना बढ़ जाता है।

वैदिक ज्योतिष के अनुसार चंद्र कैलेंडर लगभग 354 दिनों का होता है जबकि सौर कैलेंडर 365 दिनों का होता है। दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए लगभग हर तीन साल में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है। इसका उद्देश्य त्योहारों और ऋतुओं के बीच तालमेल बनाए रखना है। अधिकमास को भगवान विष्णु का प्रिय महीना माना गया है। इस दौरान श्रद्धालु विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, सत्यनारायण कथा और ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई भक्ति जीवन के कष्टों को दूर कर सुख-समृद्धि लाती है। इस महीने में अन्न दान, वस्त्र दान, दीपदान और जरूरतमंदों की सहायता करना अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि अधिकमास में किया गया दान कई गुना फल देता है। जो लोग पुरुषोत्तम मास में व्रत रखते हैं, उन्हें सात्विक जीवन अपनाने की सलाह दी जाती है। इस दौरान प्याज, लहसुन, मांसाहार और अनाज का त्याग कर फलाहार व सरल भोजन करना श्रेष्ठ माना गया है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान, पूजा और ध्यान करने से मानसिक शांति प्राप्त होती है। अधिकमास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और नए व्यवसाय की शुरुआत जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। नया घर, वाहन या महंगी वस्तुओं की खरीदारी से भी बचने की सलाह दी जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पहले अधिकमास को मलमास कहा जाता था और इसे अशुभ माना जाता था। उपेक्षित महसूस कर यह महीना भगवान विष्णु के पास पहुंचा। तब भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम पुरुषोत्तम देकर सबसे पवित्र महीनों में स्थान दिया। तभी से इसे पुरुषोत्तम मास कहा जाने लगा। धार्मिक मान्यता है कि इस पूरे महीने में जो भक्त निस्वार्थ भाव से पूजा-पाठ, दान और अच्छे कर्म करता है, उसे भगवान विष्णु का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है और उसके जीवन के कष्ट दूर होते हैं।

**खास बातें**

- 17 मई से 15 जून तक चलेगा पुरुषोत्तम मास
- चंद्र कैलेंडर और सौर कैलेंडर में संतुलन बनाए रखने हर तीन वर्ष में जोड़ा जाता है अतिरिक्त महीना



## सुशासन तिहार के तहत लेपरा में लगा शिविर

# लेपरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 812 आवेदन में से 65 का मौके पर निराकरण





शिविर को संबोधित करते अतिथि एवं उपस्थित जनसमुदाय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के तहत पोड़ी उपरोड़ा के ब्लॉक के ग्राम पंचायत लेपरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा सेवाएँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र जाखड़, जनपद सदस्य आयुष सिंह तंवर एवं श्रीमती अंजू भोला गोस्वामी ,एसडीएम मनोज कुमार बंजारे उपस्थित रहे। इसके साथ ही पूर्व जनप्रतिनिधि शिवभरोष लकड़ा (पूर्व जनपद सदस्य), विजय दुबे (पूर्व जनपद सदस्य) तथा दुर्गेश डिक्सेना (जनपद सदस्य प्रतिनिधि) ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों सुश्री चन्द्रकला पोर्ते (लेपरा), श्रीमती शांति धनुहार (एतमा नगर), सुखसाय (पांथा), धनेश्वर सिंह (लालपुर), सुरेन्द्र सिंह (बांगो) और गुरबहार टोप्पो (सरभोका) ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता की। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत लेपरा के 6 हितग्राहियों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत दो हितग्राहियों, जीवन प्रताप सिंह और शिवदास महंत को लाभ प्रदान किया गया। पंचायत विभाग ने लेपरा के सात हितग्राहियों को नए राशन कार्ड वितरित किए। कृषि विभाग द्वारा सिचाई के लिए तीन हितग्राहियों छत्रर प्रताप सिंह (एतमा नगर), शिवचरण केरकेट्टा (मड़ई) और मसतराम छिंदमेर को पेट्रोल पंप उपलब्ध कराया गया। वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिनमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल छह मेधावी विद्यार्थी शामिल थे। शिविर में कुल 812 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 65 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। यह शिविर लेपरा, गुरसिंया, मानिकपुर, एतमानगर, पांथा, लालपुर, पचरा, सलिहाभाठा, बांगो, रिगनियां एवं सरभोका सहित कुल 11 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर के लिए आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से शासन की योजनाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ती है। आम जनता की समस्याओं का त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी विभागों को इसमें सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई और विभिन्न विभागों द्वारा दी गई सेवाओं एवं सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर सफल एवं सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### रामाकछार में आयोजित हुआ शिविर

ग्राम पंचायत रामाकछार में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पाली–तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम शामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती फूल बाई कंवर, दिलीप कंवर एवं सत्यनारायण पैकरा तथा ग्राम पंचायत रामाकछार के सरपंच भारत सिंह उपस्थित रहे। इसके साथ ही रामाकछार, सपलवा, पहाड़गाँव, बारीउमराव, पटपरा और कपोट पंचायतों के सरपंच भी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कृषि विभाग की शाकाम्भरी योजना के अंतर्गत ग्राम राहा के अगनेश लकड़ा/देवनाथ और रामप्रसाद/फगुन सिंह तथा ग्राम उडान के कलेशराम/मुगुल सिंह को 3 एचपी के पेट्रोल पंप वितरित किए गए। सहकारिता विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए। राजस्व विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों को डिजिटल किसान किताब और 2 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र की पर्ची दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 बच्चों का अन्न प्राशन कराया गया। शिविर में कुल 1351 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 255 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस शिविर में रामाकछार, सपलवा, पहाड़गाँव, बारीउमराव, पटपरा, कपोट और कांजीपानी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# महंगाई ने तोड़ी जनता की कमर, कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाली ने चैतमा स्थित पेट्रोल पंप के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन कर केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ संवाद कर महंगाई के मुद्दे को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

**खास बात**

- पेट्रोल डीजल महंगाई के खिलाफ चैतमा में सड़क पर उतरे कांग्रेसी

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से हर वर्ग प्रभावित है। परिवहन से लेकर खाद्य सामग्री तक सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ चुके हैं, जिससे आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाली के अध्यक्ष सत्यनारायण पैंकरा ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है जबकि महंगाई लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिखाई एकजुटता धरना प्रदर्शन में अजय सैनी, डीके आदिले, तुषार रॉबिन्सन, कुरान सिंह, श्यामू सलाम, दिनेश मेहंत, दुर्गेश माणिकपुरी, अमरनाथ नागदेव, रामप्रसाद चौहान, अमुंद भारिया, हेमंत यादव, मारखन सिंह और संपाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। जनता के बीच पहुंचा आंदोलन का संदेश कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक विरोध नहीं बल्कि जनता की आवाज है। कांग्रेस ने संकेत दिए कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

# गोदाम के अभाव में किराए के मकान में रखवाया जा रहा खाद बीज



किराये का मकान जहां संग्रहित किया जा रहा खाद बीज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

ग्राम पंचायत चैतमा में गोदाम का अभाव होने के कारण पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का भंडारण नहीं हो पता था। जिसके कारण किसानों को कृषि कार्य के समय खाद बीज की आवश्यकता होती है। किंतु समिति से नहीं मिल पाने के कारण उन्हें अन्य जगहों से खाद बीज की खरीदी अधिक दामों पर करनी पड़ती थी जिसे देखते हुए यहां के आदिवासी सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक द्वारा शासन से गोदाम भवन बनाने की मांग की गई थी जिसकी स्वीकृति एक साल पूर्व मिल गई थी। जिसकी प्रथम किश्त आहरण भी कर लिया गया है किंतु आज तक गोदाम भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। ठेकेदार द्वारा नींव खुदाई कर छोड़ दिया गया है जिसके कारण समिति को मकान किराए पर लेकर खाद बीज का भंडारण करना पड़ रहा है। समिति द्वारा शासन प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराते हुए गोदाम भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है ताकि किसानों को कृषि कार्य के समय खाद बीज के लिए भटकना न पड़े। गोदाम भवन का निर्माण हो जाने पर पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का भंडारण हो जाएगा जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा।

### सात दिवसीय योग ध्यान शिविर का हुआ समापन

**कोरबा।** सीनियर क्लब सीएसपीजीसीएल कोरबा पूर्व में आयोजित इस सात दिवसीय योग ध्यान शिविर का रविवार को संपन्न हुआ। शिविर निरंतर सात दिनों तक योगाचार्य डॉ डीके आनंद द्वारा संचालित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में योगाभ्यर्थियों ने सहभागिता कर योग, ध्यान एवं प्राणायाम का लाभ प्राप्त किया। शिविर समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एसएन केसरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में संजीव कंसल, मुख्य अभियंता सीएसपीजीसीएस एवं सुनील कुमार सरना अतिरिक्त मुख्य अभियंता शामिल हुए। शिविर के दौरान योगाचार्य डॉ. डी.के. आनंद द्वारा योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सूक्ष्म व्यायाम, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दी गई। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन एवं आत्मा को संतुलित करने की एक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक प्रक्रिया है। नियमित योग एवं ध्यान करने से व्यक्ति तनावमुक्त रहता है।

# कबीर प्राकट्य दिवस मनाने बैठक, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सियान सदन घंटाघर में जिला स्तरीय कबीर प्राकट्य दिवस आयोजन के संदर्भ में आयोजित बैठक सकारात्मक रही। उपस्थित सभी लोगों ने कबीर प्राकट्य दिवस मनाने हेतु अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और सबकी सहमति से आगामी जून माह में 21 जून को कबीर प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा एवं 22 जून को एक दिवसीय सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने पर सबकी सहमति बनी। शोभा यात्रा में सभी श्वेत वस्त्र में सम्मिलित होंगे और कर्मा, सुआ, पंथी नृत्यों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा के छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष महंत, महिला प्रदेश सचिव श्रीमति सुचित्रा संजय मानिकपुरी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन दास, गोपाल महंत, लक्ष्मण महंत, पूरण दास सहित संयुक्त मानिकपुरी पनिका समाज के जिला/ब्लॉक/सोसायटी पदाधिकारी, महिला समिति के पदाधिकारी, समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल समाज के सदस्य।

# श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम के लिए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के सदस्यों के द्वारा हरदीबाजार से रवाना होकर उत्तराखंड के यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ चारों धाम की यात्रा करते हुए ऋषिकेश, हरिद्वार की यात्रा किया। उत्तराखंड के श्री केदारनाथ का दर्शन 22 किमी की खड़ी चढ़ाई की पैदल यात्रा कर गुरुवार 14 मई को व उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम का 16 मई को दर्शन किये। प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के सदस्यों के द्वारा बाबा बैजनाथ धाम देवघर जाकर बाबा भोलेनाथ को सावन माह के प्रथम सप्ताह में 120 किमी पैदल चलकर कर जल चढ़ाया जाता था। हरदीबाजार से 6 मई को बिलासपुर से ट्रेन के माध्यम से हरिद्वार पहुंचकर ऋषिकेश होते हुए चारों धाम की यात्रा की। श्रद्धालुओं में निलेन्द्र राठौर, दुर्गेश डिक्सेना, यशवंत राठौर, दिलीप राठौर, ब्यास राठौर, सुनील जायसवाल, श्रवण यादव, तरुण डिक्सेना, प्रताप कंवर, अंकुश जायसवाल कटघोरा, प्रदीप डिक्सेना उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411